कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, नाहड़, (रेवाड़ी)

यादि क्रमांक जी. सी. एन/2026/212-220 दिनांक 21.04.2026

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय महाविद्यालय नाहड़ की कृषि योग्य 12 किला 6 कनाल 1 मरला जमीन और कॉलेज के पीछे की जमीन दिनांक 01.05.2026 से दिनांक 30.04.2027 तक की अवधि के लिए पट्टे पर दी जाऐगी। बोली की शर्तें निम्नलिखित होंगी:–

1. बोली दाता को बोली शुरू होने से पहले कॉलेज कार्यालय में दो हजार रूपये जमा करवाने होंगे जो बोली के बाद वापिस दिऐ जाऐगें।
2. सबसे ऊंची बोली दाता को कुल राशि की एक चौथाई रकम बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद जमा करवानी होगी। शेष बकाया राशि एक सप्ताह के भीतर जमा करवानी होगी। यह राशि जमा न होने पर एक चौथाई रकम जब्त कर ली जाऐगी।
3. बोली की न्यूनतम राशि 414580/– होगी।
4. कॉलेज की उक्त जमीन 01.05.2026 से दिनांक 30.04.2027 तक की अवधि के लिए पट्टे पर दी जाऐगी।
5. जमीन की बोली दिनांक 01.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय परिसर में लगाई जाऐगी।
6. दिनांक 01.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे इस वर्ष के बोली दाता श्री धर्मबीर पुत्र श्री मनोहर लाल, गॉव नाहड़, इस महाविद्यालय की कमेटी को जमीन पर लगे पौधों की गिनती करके उन्हे सौंप देंगें।
7. बोली लगने के बाद दिनांक 01.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे इस महाविद्यालय की कमेटी की उपस्थिति में बोली दाता जमीन पर पौधो को गिनती करके उनके रखरखाव की जिम्मेवारी लेगा।
8. जमीन पर लगे पेड़–पौधों की सुरक्षा की जिम्मेवारी बोलीदाता की होगी।
9. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय नाहड़ को बिना कोई कारण बताए बोली रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। इस विषय में कोई कानूनी प्रकिया लागू नहीं होगी।
10. उपरोक्त विषय पर किसी भी प्रकार का विवाद का न्याय क्षेत्र उपमण्डल कोसली में निपटारा होगा।
11. महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला को इस बोली बारे अगर कोई ऐतराज होता है तो बोली रद्द कर दी जाऐगी तथा जमा राशि बिना व्याज वापिस कर दी जाऐगी।

इसकी प्रति निम्नलिखित गांवो के सरपंचो/ब्लाक अधिकारी पंचायत नाहड़ को भेजी जाती है। कृपया निम्नलिखित गांवो के सरपंचो से अनुरोध है कि जमीन की बोली मुनादी करवा दी जाऐं तथा दिनांक 01.05.2026 को उक्त बोली के लिए उपस्थित हों।

1. सरपंच, ग्राम पंचायत, नाहड़
2. सरपंच, ग्राम पंचायत, झाल
3. सरपंच, ग्राम पंचायत, कोहारड़
4. सरपंच, ग्राम पंचायत, जुड्डी
5. सरपंच, ग्राम पंचात, भडंगी
6. नायब तहसीलदार, नाहड़
7. वन रेंज अधिकारी, नाहड़
8. बी.डी.पी.ओ., नाहड़ (रेवाड़ी)
9. श्री धर्मबीर पुत्र श्री मनोहर लाल, गाँव नाहड़

प्राचार्य

Principal
Govt. College
Nahar (Rewari)

Scanned with CamScanner